08.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंजाब और हरियाणा में नहर परियोजनाओं का निरीक्षण किया–हनुमानगढ़ में सिंचाई और पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की।

○ वर्ष 2008 में हुए जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट में जिंदा बम मिलने के मामले में दोषी चार आतंकियों को विशेष अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

○ राज्य सरकार ने जयपुर में हुए हिट एण्ड रन मामले में मृतकों के परिजनों को पचास–पचास लाख रुपये का मुआवज़ा देने की घोषणा की।

○ प्रदेश में कई स्थानों पर जारी भीषण गर्मी और लू के दौर को देखते हुए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतज़ाम।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुद्रा योजना को उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए मौन क्रांति बताया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसानों के मजबूत होने से ही प्रदेश सशक्त बनेगा। श्री शर्मा आज हनुमानगढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार संकल्प पत्र में किये गये सभी वायदों को पूरा करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इसके लिए विभिन्न नहर परियोजनाओं को सुदृढ बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आई.एन.जी.पी. को मजबूत बनाने के लिए 3 हजार 400 करोड रुपये के काम करवाए जाएंगे। इसके साथ ही भाखड़ा और गंग नहर से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए भी आवश्यक काम किये जाएंगे।

..............

मुख्यमंत्री ने पंजाब के विभिन्न नहर क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने हरिके हैड में मल्लेवाला हैड, बल्लेवाला हैड, बीकानेर कैनाल, फिरोजपुर फीडर और इंदिरा गांधी नहर का जायज़ा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति और जल प्रवाह क्षमता का गहन निरीक्षण किया। इससे पहले, हरियाणा के लोहगढ़ बांध का भी जायज़ा लिया। उन्होंने बांध की स्थिति, जल संचयन क्षमता सहित अन्य पहलुओं को देखा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी उनके साथ रहे। मुख्यमंत्री का कल श्रीगंगानगर दौरे का कार्यक्रम है।

000

जयपुर में 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा बम मिलने के मामले में दोषी चार आतंकियों को आज स्पेशल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष अदालत के जज रमेश कुमार जोशी ने ये सजा सुनाई। 4 अप्रैल को कोर्ट ने चारों आतंकियों सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने 600 पेज का फैसला दिया है। फैसले के बाद सरकारी वकील सागर तिवाड़ी ने मीडिया को बताया कि कोर्ट ने इस मामले को बहुत गंभीर माना और आतंकवाद को पूरे समाज के लिये खतरा बताया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे अपराधियों के साथ किसी भी सूरत में नरमी नहीं बरती जा सकती। गौरतलब है कि 13 मई को 2008 को जयपुर के चारदीवारी इलाके में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे। धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे।नौंवा बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे निष्क्रिय किया गया था।

000

राज्य सरकार ने जयपुर में कल हुए हिट एण्ड रन मामले में मृतकों के परिजनों को पचास–पचास लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। मृतकों के आश्रितों को संविदा पर नौकरी भी दी जाएगी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है और पांच घायल एसएमएस अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार एक तेज रफ्तार कार चालक ने नाहरगढ रोड पर पैदल यात्रियों को कुचल दिया और कई वाहनों को टक्कर मार दी। चालक नशे में था। स्थानीय लोगों ने उसे पकड कर पुलिस के हवाले किया। प्रशासन ने तनाव की स्थिति को देखते हुए नाहरगढ़ और आस–पास के क्षेत्र में पुलिस जाब्ता लगाया है।

000

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने श्री आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद पार्टी ने ये निर्णय किया। मामले को लेकर कांग्रेस की ओर से आज कई स्थानों पर प्रदर्शन किया गया।

000

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े की आज से शुरूआत हुई। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित होने वाले इस पखवाड़े के दौरान बच्चों और महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां रखी जाती हैं। पोषण पखवाडे के तहत प्रदेश में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कोटपूतली–बहरोड़, झालावाड़ और सवाईमाधोपुर सहित कई स्थानों पर आज जागरुकता रैली निकाली गयी। रंगोली सजाकर भी पोषण का संदेश दिया गया।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने बाड़मेर जिले के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट और छह जिलों में ऑरेंज तथा 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। बाडमेर में लगातार चार दिनों से पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। बीते 24 घंटों में चित्तौडगढ, जैसलमेर, बीकानेर और कोटा में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। विभाग ने 9 अप्रैल तक 'वार्म नाइट अलर्ट' जारी किया है। 10 अप्रैल से इससे कुछ राहत मिलने के आसार हैं। बालोतरा में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

...............

प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए प्रशासन की ओर से कई इंतजाम किये जा रहे हैं। झालावाड में लू और तापघात से बचाव के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से तापघात से बचाव के लिए दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। विभिन्न स्थानों पर ओ. आर.एस. घोल के काउंटर भी लगाए जा रहे हैं। पाली में विभिन्न रास्तों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। उधर, कोटा में जिला कलेक्टर ने विभिन्न स्थानों पर आश्रय स्थल बनाने के निर्देश दिये हैं।

...............

डूंगरपुर जिला कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने चिकित्सा, पेयजल और अन्य विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करने के निर्देश दिये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार हर आकांक्षी उद्यमी को आसानी से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गतिशील व्यवस्था पर ध्यान देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। प्रधानमंत्री ने इस योजना को उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए मौन क्रांति बताया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत की।
प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

...............

श्री मोदी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

..............

मुद्रा योजना से प्रदेश में भी लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक वर्गों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी साबित हुई हैं।

.................

000

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान की आबूरोड आश्रम की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का बीती रात निधन हो गया। उन्होंने अहमदाबाद के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। 10 अप्रैल को अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके पार्थिव शरीर को मुख्यालय शांतिवन में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रह्माकुमारी आध्यात्मिक प्रमुख दादी रतन मोहिनी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें प्रकाश, ज्ञान और करुणा की किरण के रूप में याद किया जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके निधन पर शोक जताया है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से आज भारतीय दूरसंचार सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। 2023 बैच के ये अधिकारी स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जयपुर के तीन दिन के दौरे पर आए हैं। राजभवन में हुई इस भेंट में श्री बागड़े ने अधिकारियों से "राष्ट्र प्रथम" की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया।

000